RISING RAJASTHAN
9-10-11 DEC 2024 • JAIPUR

# राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद्

डॉ० राधाकृष्णन् शिक्षा संकुल, जवाहर लाल नेहरू मार्ग, जयपुर–302017
E-mail: csr.edu.raj@gmail.com, rr.schooleducation@gmail.com

ज्ञान संकल्प पोर्टल
फण्ड सपोर्ट इम्प्लीमेंट

क्रमांक : रास्कूशिप / जय / सीएसआर / एफ–973 (2)–00133 / ई–साईन दिनांक :यथा हस्ताक्षर

संस्थाप्रधान,
समस्त राजकीय विद्यालय,
राजस्थान।

**विषयः ज्ञान संकल्प पोर्टल पर विद्यालय को राशि डोनेट किये जाने हेतु क्यू.आर. कोड के उपयोग के सम्बन्ध में**

उपर्युक्त विषयान्तर्गत लेख है कि समस्त राजकीय विद्यालयों को ज्ञान संकल्प पोर्टल के माध्यम से 2017 से डोनेट–टू–ए–स्कूल श्रेणी के अन्तर्गत राशि दान किये जाने का प्रावधान है। विद्यालयों हेतु इस प्रक्रिया को आसान करते हुए सभी राजकीय विद्यालयों को उनके शाला दर्पण लॉगिन पर क्यू.आर. कोड उपलब्ध करवाया गया है जिसे डाउनलोड कर विद्यालय उपयोग कर सकते है।

पत्र के साथ संलग्नानुसार प्रक्रिया क्यू.आर. कोड डाउनलोड कर अक्षरशः पालना करते हुए क्यू.आर. कोड के माध्यम से विद्यालयों को सहयोग राशि प्राप्त कर सकते है। पूर्व प्रक्रिया यथावत संचालित रहेगी।

संलग्न : उपरोक्तानुसार।

**(सीमा शर्मा)**
**अति. राज्य परियोजना निदेशक**

**प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है :–**

1. निजी सचिव, शासन सचिव, स्कूल शिक्षा विभाग, राजस्थान सरकार, जयपुर।
2. निजी सचिव, शासन उप सचिव, शिक्षा (ग्रुप–6) विभाग, शासन सचिवालय,जयपुर।
3. निदेशक, माध्यमिक / प्रारम्भिक शिक्षा, राजस्थान, बीकानेर।
4. निदेशक, संस्कृत शिक्षा, राजस्थान, जयपुर।
5. समस्त मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी, राजस्थान।
6. समस्त अतिरिक्त जिला परियोजना समन्वयक, राजस्थान।
7. समस्त मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी, राजस्थान।
8. समस्त पीईईओ / यूसीईईओ, राजस्थान।
9. रक्षित पत्रावली

**अति. राज्य परियोजना निदेशक**

Document certified by SEEMA SHARMA <seema.sharma6954@gmail.com>.

Digitally Signed by SEEMA SHARMA I
Designation : Additional State Project Director
Date :19-03-2026 03:01:01

RajKaj Ref No.: 21155148

eSign DSC

# राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद्

डॉ० राधाकृष्णन् शिक्षा संकुल, एकलव्य भवन, जवाहर लाल नेहरू मार्ग, जयपुर–302017

दूरभाषः 0141–2715551 E-mail: ad.csr.dse@rajasthan.gov.in

## ज्ञान संकल्प पोर्टल के माध्यम से विद्यालयों को डोनेट टू ए स्कूल श्रेणी के अन्तर्गत QR कोड की सहायता से राशि दान करने की प्रक्रिया

**प्रस्तावना–**

स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा राजकीय विद्यालयों में भौतिक संसाधन उपलब्ध कराने में विभिन्न सार्वजनिक क्षेत्र की कम्पनियों, कारपोरेट, गैर सरकारी संगठन एवं निजी क्षेत्र की कम्पनियों सहित व्यक्तिगत दानदाता व भामाशाहों को सहायता प्रदान करने में भौगोलिकता व दूरी की कठिनाईयां को दूर करते हुए एक ऑनलाईन प्लेटफॉर्म ज्ञान संकल्प पोर्टल (www.gyansankalp.nic.in) तथा कोष, मुख्यमंत्री विद्यादान कोष को 05 अगस्त 2017 से संचालन किया जा रहा है। ज्ञान संकल्प पोर्टल के माध्यम से राजकीय विद्यालयों के विकास हेतु Donate To A School श्रेणी के अन्तर्गत ऑनलाईन व ऑफलाईन माध्यम से 68 करोड से अधिक राशि प्राप्त हो चुकी है।

विद्यालयों द्वारा Donate To A School प्रक्रिया को आसान बनाने के क्रम में परिषद् द्वारा प्रत्येक विद्यालय को शाला दर्पण के माध्यम से तैयार **QR कोड** के माध्यम से दान राशि प्राप्त करने की सुविधा प्रारंभ की जा रही है। इस हेतु ये दिशा–निर्देश जारी किये जा रहे है।

**(अ) <u>QR कोड के माध्यम से विद्यालय हेतु दान करने के चरण–</u>**

विद्यालय द्वारा शाला दर्पण पर लॉगिन पर ज्ञान संकल्प टैब में डाउनलोड क्यू–आर कोड लिंक के माध्यम से क्यू–आर कोड डाउनलोड करना

↓

डाउनलोड क्यू–आर कोड को प्रिंट कर संस्था प्रधान द्वारा वेरिफाई कर क्यू–आर कोड को विद्यालय कार्यालय में स्पष्ट दृश्य स्थान पर प्रदर्शित करना

↓

दानदाता द्वारा क्यूआर कोड को स्केन कर ज्ञान संकल्प पोर्टल पर अपना मोबाइल नम्बर इन्द्राज कर अपनी व्यक्तिगत सूचना को वेरिफाई करना।

↓


दान की जाने वाली राशि का इन्द्राज आरपीपी पेमेंट गेटवे के माध्यम से राशि दान करना।

↓

विद्यालय शालादर्पण लॉगिन पर दानराशि का प्रदर्शित होना

## (ब) QR कोड से राशि दान हेतु विद्यालयों हेतु निर्देश–

- प्रत्येक राजकीय विद्यालय हेतु यूनिक क्यू–आर कोड जनरेट किया गया है जो कि विद्यालय के शाला दर्पण लॉगिन में ज्ञान संकल्प टैब में **ज्ञानसंकल्प क्यू–आर कोड** लिंक पर उपलब्ध है।




- लिंक के माध्यम से पोर्टल पर विद्यालय का क्यू–आर कोड विद्यालय के नाम के साथ प्रदर्शित होगा। जिसे प्रिंटर बटन के साथ पीडीएफ के रूप में सहेजे।




- विद्यालय द्वारा अपने लॉगिन से सहेजे गये क्यू–आर कोड पीडीएफ को प्रिंट किया जावें।

- संस्था प्रधान द्वारा **सील व हस्ताक्षरित** कर क्यू–आर कोड को वेरिफाई किया जावें। बिना वेरिफिकेशन के क्यू–आर कोड वैद्य नहीं माना जावेगा।

- किसी भी विद्यालय के शालादर्पण लॉगिन पर उपलब्ध क्यू–आर कोड सिर्फ सम्बन्धित विद्यालय के लिए ही होगा।

- यदि क्यू–आर कोड प्रिंट खराब हो जावें तो पुनः डाउनलोड कर वेरिफाई कर उपयोग लिया जावेगा।
- वेरिफाई क्यू–आर कोड को विद्यालय परिसर में ही उपयोग किया जावें तथा स्पष्ट दृश्य स्थान पर प्रदर्शित किया जावें।

**(ब) QR कोड से राशि दान हेतु भामाशाह हेतु निर्देश–**

- दानदाता क्यू–आर कोड के उपयोग से पूर्व आवश्यक रूप से यह सुनिश्चित करें कि क्यू–आर कोड को विद्यालय संस्था प्रधान द्वारा सील व साइन के माध्यम से वेरिफाई किया हुआ है। बिना वेरिफिकेशन के राशि दान ना करें।
- प्रत्येक राजकीय विद्यालय हेतु यूनिक क्यू–आर कोड जनरेट किया गया है। जिस विद्यालय हेतु दान किया जा रहा है उस विद्यालय का क्यू–आर कोड उपयोग करें। इस हेतु क्यू–आर कोड स्केन के उपरान्त विद्यालय का नाम प्रदर्शित होगा जिसकी सहायता से सुनिश्चित करें कि विद्यालय सही हैं।
- राशि दान करने के उपरान्त ज्ञान संकल्प पोर्टल व विद्यालय के शाला दर्पण लॉगिन पर दान की गई राशि तुरंत प्रदर्शित हो जावेगी। राशि दान किये जाने के उपरान्त ज्ञान संकल्प पोर्टल पर अपना दान विवरण चेक करें।
- किसी संशय की स्थिति में विद्यालय संस्था प्रधान या ज्ञान संकल्प पोर्टल की हेल्प लाइन/ई–मेल पर सम्पर्क करें।

**कृपया सावधान रहें, सजग रहें तथा फ्रॉड से बचें।**

=============